सार-समाचार

खेलकूद सप्ताह का शुभारम्भ

चूरू (निसं)। राजकीय लोहिया महाविद्यालय में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद सप्ताह का उद्घाटन मंगलवार को प्राचार्य मंजु शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर शर्मा ने कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए सहशैक्षिणक गतिविधियों का विशेष महत्व है। हम सब में कोई न कोई कला छिपी हुई है, उस कला को प्रदर्शित करने का काम इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे इन गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा ले और अपने व्यक्तित्व के बहुआयामी पहलुओं को सबके सामने उजागर व प्रदर्शित करें। गौरतलब है कि आयुक्तालय के निर्देशानुसार 27 से 31 जनवरी तक चलने वाले सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेलकूद सप्ताह के तहत होने वाली विभिन्न गतिविधियों का आज आगाज हुआ। सप्ताह के पहले दिन एकल गायन व एकल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. ट्विंकल शर्मा ने बताया कि प्रथम दिन दोनों प्रतियोगिताओं में एकल गायन में हर्षित कुमार सोनी ने प्रथम व दक्षिता शर्मा ने द्वितीय और मोहम्मद अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में अंकिता ढ्राका ने प्रथम व विशाल वाल्मिकी ने द्वितीय व साइना ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. ट्विंकल शर्मा ने बताया कि इस सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रो. एम. एम. शेख, प्रो. मूलचंद, प्रो. धीरज बाकोलिया, प्रो. शालिनी हेमकार, डॉ. मुकेश मीणा व उर्मिला फगेड़िया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. अरविन्द शर्मा, प्रो. सन्तोष बलाई, मधु चौधरी, आशीष शर्मा, शान्तनु डाबी, पूजा प्रजापत, लाल चन्द चाहर, सुखवीर पूनिया, सुचित्रा मांझू सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य व अनुशासन समिति के संजय कुमार, रिजुल पूनियां उपस्थित थे।

विधायक ने जनसुनवाई की

रतनगढ़ (निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की । विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे ।विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान गांव नूवा और भरपालसर में ट्यूबवेल खराब होने, कस्बे के शिवबाड़ी में पाइप लीकेज, गांव बामणिया, ढाणी रणवा, चारणवासी, मालासी ढाणी मेघवाल, ठठावता में पानी सप्लाई नहीं होने व रतनगढ़ कस्बे के वार्ड 12 में पॉल जर्जर होने व ढीले तारों से हादसे की आशंका सहित शहर एवं गांवों में जल सप्लाई को सुदृढ़ करने, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत/नवीनीकरण, चिकित्सा, शिक्षा सहित, नगरपालिका से संबंधित समस्याओं के बारे में शहर वासियों एवं ग्रामीणों ने विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की , जिसपर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान जनसुनवाई में पूर्व प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा,चरणसिंह कोका, अरविंद चाकलान, देवी सिंह परिहार, कयूम गौरी, दलीप बिस्सू, चरण सिंह कोका, कॉमरेड भादर भांभू, पार्षद अनवर तेली सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण एवं शहरवासी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। मेघवाल समाज संघ जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष पवन आलडिया के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के माध्यम से ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंजाब राज्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों ने देशद्रोह का काम किया है। पवन आलड़िया ने कहा कि भारत सरकार का शासन-प्रशासन भारत गणराज्य के संविधान से चलता है और गणतंत्र दिवस के मौके पर इस घटना से देश के आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान को गहरा आघात पहुंचा है। यह भी मांग की गई है कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करके पता लगाए कि इस प्रतिमा खंडित घटना के पीछे किन देशद्रोही शक्तियों का हाथ है और असामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तारी करें, कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। संगठन महासचिव डॉ. विकास काला ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की भविष्य में कभी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए कठोर कानून बनाकर तुरंत सजा का प्रावधान किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष डॉ. अशोक गर्वा, महासचिव अजय काला, डॉ. दिनेश बड़जात्या, अनुराग बड़जात्या, सचिन कांटीवाल, मनोज चंदानी, विकास आल्हा जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, अनिल बाडेटिया, एडवोकेट सुनिल सेवदा, शारदा जिनोलिया व मुकेश महरिया उपस्थित थे।

कार्यशाला का आयोजन

चूरू (निसं)। पंचायत समिति सभागार में सोमवार को आरसीएचओ डॉ. विश्वास मथुरिया की अध्यक्षता में अर्पण सेवा संस्थान द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से प्रभावशाली व्यक्तियों और धर्म गुरुओं के जीरो डोज नियमित टीकाकरण के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अर्पण यूनिसेफ के जिला समन्वयक सुभाष निर्वाण ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में पीपीटी व वीडियो के माध्यम से टीकाकरण के प्रति भ्रांतियों व झिझक को दूर कर इसकी विस्तृत जानकारी दी और टीकाकरण बढ़ाने के लिए सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की। इस अवसर पर आरसीएचओ डॉ. विश्वास मथुरिया ने जीरो डोज टीकाकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटे नहीं। उन्होंने प्रभावशाली व्यक्तियों-धर्म गुरुओं से टीकाकरण में सहयोग करने की अपील की। डब्ल्यूएचओ के डॉ. इरफान सैयद ने टीकाकरण बढ़ाने के लिए सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की। कार्यक्रम में निरंकारी मिशन के महात्मा लक्ष्मण सिंह, ताराचंद, यूएनडीपी के मालसिंह, वाहिद अली, ब्लॉक समन्वयक प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, श्रवण दान, पंकज दर्जी सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

वेबीनार आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। मंगलवार को श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को अभी से बचत की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा बचत को सही जगह निवेश कर जीवन को खुशहाल बनाने का मंत्र दिया। बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. कविता चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात मुख्य वक्ता हिमांशु शर्मा ने वित्तीय प्रबंधन, निवेश के जोखिम व सावधानियां, निवेश के विभिन्न क्षेत्रों आदि को रोचक उदाहरण द्वारा समझाया और अपनी आय का बजट बनाकर बचत को सही जगह निवेश और इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित प्रतिभागियों ने मुख्य वक्ता से निवेश के तरीके तथा बचत के विकल्प आदि के बारे में प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर मंजू चौधरी ने बताया कि यह वेबीनार विद्यार्थियों तथा सभी संकाय सदस्यों के लिए बहुत ही उपयोगी रहेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार डॉ. आकांक्षा डूडी ने व्यक्त किया।

54 विद्यार्थियों का मिलिट्री स्कूल में चयन

झुंझुनूं, (निसं)। राष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थान रवि इंडियन पब्लिक सैकंडरी स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की ओर से घोषित प्रवेश परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता राष्ट्रीय स्तर पर इस बार भी साबित की है। संस्था के 54 होनहार छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा को उतीर्ण कर संस्थान का परचम राष्ट्रीय स्तर पर फहराया है। इस अवसर पर संस्था निदेशक रवि कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत व कुशल अनुभवी टीम के अथक प्रयास से संभव हो सकी। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रबंध निदेशिका अनामिका पूनियां ने सभी सफल छात्र-छात्राओं का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुभाषचंद्र झाझड़िया, सुरेंद्र मान, राजेंद्रसिंह हर्षवाल, रामनिवास भड़िया, विकास ढ्रेवा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

लाइब्रेरी का स्थापना दिवस मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। मंगलवार को डॉ. बाबा साहब अंबेडकर भवन झुंझुनूं में मास ग्रुप द्वारा संचालित लाइब्रेरी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंबेडकर भवन के संचालक महावीर सानेल, डॉ. महेंद्र सानेल, पवन, डॉ. नीतेश गर्वा, विकास के द्वारा संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम व बाबा साहब के बारे में विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में लाइब्रेरी के लगभग 150 लड़कों एवं लड़कियों ने भाग लिया। यह लाइब्रेरी अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए मास ग्रुप द्वारा संचालित की जा रही है।

शिक्षा के साथ संस्कार मिलने से हमारी संस्कृति का होगा संरक्षण : मदन राठौड़

संस्कारों के साथ अच्छे वातावरण में शिक्षा मिलने से भावी पीढ़ी बनेगी विशाल व्यक्तित्व की धनी, प्रदेश हर क्षेत्र में बनेगा अग्रणी : दिया कुमारी

- **बच्चों की शिक्षा मातृभाषा में हो और सभी संस्कारवान शिक्षा पर दें विशेष फोकस : निम्बाराम**
- **समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को निभानी होगी अपनी सक्रिय भागीदारी : राजेंद्र राठौड़**

जयपुर/सरदारशहर (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सरदारशहर स्थित श्री बहादुर सिंह भानकंवर आदर्श विद्या मंदिर स्कूल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार मिलने से हमारी संस्कृति का संरक्षण होगा। बच्चों की प्रतिभाएं निखरेंगी व चरित्रयुक्त व्यक्तित्व का निर्माण होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हम बच्चों की प्रतिभा के अनुरूप उन्हें कैरियर का चुनाव करने दें और प्रोत्साहित करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि शिक्षा या रोजगार के क्षेत्र में हमें बच्चों पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। आज के परिवेश में शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार भी देने चाहिए। संस्कारवार युवा पीढ़ी एक नए भारत का विकास करेगी। राठौड़ ने विद्यालय के लिए भूमि देने वाले भामाशाह परिवार का आभार जताते हुए कहा कि आज ऐसी दूरदर्शी और सर्व कल्याणार्थ की सोच रखने वाले लोगों की आवश्यकता है। विद्यालय के लिए भूमि व भवन दान करने वाले जितेंद्र सिंह एवं लक्ष्मी शेखावत ने प्रेरणादायी और जन सेवा के क्षेत्र में किया गया सराहनीय कार्य बताया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि भाजपा शासन में प्रदेश की शिक्षा का स्तर काफी सुधरा है। संस्कारों के साथ अच्छे वातावरण में शिक्षा मिलने से भावी पीढ़ी विशाल व्यक्तित्व की धनी होगी और प्रदेश हर क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप सरकार व समाज के लोग मिलकर विकसित समाज, विकसित राजस्थान व विकसित भारत का संकल्प पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहे है। हम अपनी भूमिका निभाएं एवं सामाजिक कल्याण के कार्यों में अपना योग दें। भामाशाह परिवार का आभार और धन्यवाद। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दूसरे बजट में शेखावाटी क्षेत्र के लिए बहुत संभावनाएं हैं। शेखावाटी क्षेत्र से बड़ी संख्या में खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए खिलाड़ियों और खेल क्षेत्र के उन्नयन के लिए भी अच्छी संभावनाएं मिलेंगी।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कहा कि हम सभी प्रयास करें कि बच्चों की शिक्षा मातृभाषा में हो। हम सभी संस्कारवान शिक्षा पर ध्यान दें। बच्चों को प्रोत्साहित करें और एक समृद्ध समाज का विकास करें। उन्होंने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए।

पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हम सभी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी भागीदारी निभाएं। हमारे स्तर पर सकारात्मक प्रयास रहें और सामाजिक उत्थान के लिए किए जाने वाले प्रत्येक प्रयास में अपना समय व सहयोग सुनिश्चित करें।

पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि आज के भौतिक युग में संस्कारवान शिक्षा सराहनीय है। हम सभी शिक्षा के साथ संस्कारों को जोड़ते हुए संस्कृति का संरक्षण व संवर्द्धन करें और युवा पीढ़ी को विरासत से अवगत कराएं। यह हमारी जिम्मेदारी है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और शैक्षिक उन्नयन की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, विक्रम कोटवाद, सुमेर सिंह राठौड़, विक्रम सिंह, महिपाल मकराना, महावीर सिंह शेखावत, सीताराम चौहान, जितेंद्र सिंह बाघोली, अमरवीर सिंह शेखावत, सुरेश सैनी, मोनिका सैनी, सुगंधा जैन, मीनाक्षी बरड़िया सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन सुरेश वर्मा व अभिलाष चौहान ने किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह, अमरसिंह महावीर सिंह, नरेंद्र शेखावत, विक्रम सिंह, अशोक कसेरा, सुबोध सेठिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के चूरू प्रवास के दौरान रास्ते में लक्ष्मणगढ, फतेहपुर सहित दर्जनभर जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

श्री श्याम निशान पदयात्रा 10 मार्च को

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री श्याम भक्त झूमते, गाते, गुलाल लगाते बाबा श्याम के जयकारे के साथ 10 मार्च सोमवार को चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान अर्पण करेंगे। रंग बिरंगे सजे-धजे निशान और साथ में फूलों की बारिश के बीच निशान पदयात्रा होगी। संस्था के मुख्य ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा में 31 निशान होंगे। जिसमें एक निशान बालाजी का एवं कुछ छोटे निशान बच्चों के भी बाबा श्याम को चढाए जाएंगे। इससे पहले चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस स्थित आशीर्वाद बालाजी मंदिर में 10 मार्च सोमवार एकादशी सुबह 9:15 बजे निशानों की पूजा अर्चना एवं बाबा श्याम की ज्योत श्याम भक्त रामाकांत हलवाई के सानिध्य में ली जाएगी।

लड़कियों की फेक आईडी से ठगी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपियों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड 5 विदेशी व्यक्तियों के लाइसेंस, दो चेक बुक व एक नोटबुक की बरामद**
- **पुलिस ने धानोठी छोटी गांव में सर्च अभियान चला कर दबिश दी**

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव धानोठी छोटी गांव में स्थानीय आईपीएस अधिकारी निश्चय प्रसाद एम के नेतृत्व में पुलिस ने दबिश देकर तथा एक सर्च अभियान चला कर ऑस्ट्रेलिया की स्कोका वेबसाइट पर ठगी करने के मामले में मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस ने आरोपियों की कब्जे से 12 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड, 5 विदेशी व्यक्तियों के लाइसेंस तथा 2 चेक बुक एवं 1 नोटबुक बरामद करने की कार्रवाई की है।

शाम पांच बजे मिली जानकारी में हरियाणा सीमा पर स्थित गांव में पुलिस प्रशासन ने अल सुबह कार्रवाई की। आरोप है कि गिरफ्तार आरोपी विदेशी व्यक्तियों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया की स्कोका वेबसाइट पर लडकियों की फोटो ओर एडवर्टाइजमेंट डालकर फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस प्रोवाइड करवाने के नाम पर धोखाधडी कर बेईमानी पूर्वक रुपए हडपने का काम करते थे। मामले में गांव धानौठी छोटी में ऑस्ट्रेलिया की स्कोका वेबसाइट पर लडकियों की फेक आईडी बनाकर एस्कॉर्ट सर्विस प्रोवाइड करवाने के नाम पर बेईमानी पूर्वक धोखाधडी से रुपए ऐंठने के आरोप में पुलिस ने आरोपी नरेंद्र कुमार श्योराण (28) तथा अनिल कुमार श्योराण जाट (30) निवासीगण धानोठी छोटी पुलिस थाना सिद्धमुख तथा महेंद्र कुमार सहू जाट उम्र 30 साल निवासी चैनपुरा छोटा पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरु को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड जिनमें से तीन मोबाइलों में डाले हुए थे तथा एक सिम कार्ड मोबाइल के पीछे प्लास्टिक कवर में डाली हुई बरामद की गई। इस प्रकार से कुल ०5 विदेशी डीएल ऑस्ट्रेलिया, दो चेक बुक एक नोट बुक बरामद की गई है, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस 67 डी आईटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

सांसद कस्वां ने अग्रसेन नगर फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया

चूरू (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने चूरू शहर स्थित अग्रसेन नगर फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रौजेक्ट डिजायन में सुधार से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि यहां बनने वाले अंडरब्रिज का निर्माण पहले किया जाए क्योंकि शहर में पूनियां कॉलोनी में पहले से सीआरआईएफ फंड के तहत्त ओवरब्रिज निर्माण कार्य प्रगति पर है जबकि जयपुर रोड पर पूर्व में बना ओवरब्रिज अनुपयोगी हो चुका है। अत: आमजन की परेशानियों को देखते हुए पहले अंडरब्रिज निर्माण का कार्य किया जाए।

निरीक्षण के बाद सांसद ने जिला कलेक्टर से भी मुलाकात की। उन्होंने अग्रसेन नगर फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के विषय में कलेक्टर से चर्चा की एवं साथ ही राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्मित जयपुर रोड़ स्थित ओवरब्रिज को डिस्मेंटल घोषित करने की कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि तकनीकी खामी के चलते यह ओवरब्रिज अनुपयोगी है। छोटे वाहनों के अलावा यह मार्ग बंद हो गया है, जिसके कारण बड़े वाहनों को बहुत घूम कर चूरू शहर से गुजरता पड़ता है। अत: इस ओवरब्रिज को डिस्मेंटल करने के बाद यहां भारत सरकार की सेतु बंधन योजना में नया ओवरब्रिज बनाने का प्रयास करेंगे ।

सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि अग्रसेन नगर फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज राज्य सरकार और रेलवे का साझा प्रोजेक्ट है जिसमें 20 रेलवे की भागीदारी है। अत: हमने आज निरीक्षण किया है और आवश्यकतानुसार सुझाव अधिकारियों और जिला कलेक्टर को दिए हैं। साथ ही पूर्व में निर्मित और अनुपयोगी हो चुके ओवर ब्रिज को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही के लिए भी कलेक्टर महोदय को कहा है ताकि इस स्थान पर भारत सरकार की सेतु बंधन योजना में नया ओवरब्रिज बनाया जा सके।

गणतंत्र दिवस समाराह मनाया

सीकर (निसं)। जिले के नवनिर्मित राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुष चिकित्सालय के प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया। पाण्डेय ने राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय के कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आमजन को आयुर्वेद से अधिक से अधिक लाभ मिले इस हेतु नर ही नारायण सेवा मानकर आए हुए रोगियों की सेवा करेंगे तो हमारे जीवन का उद्देश्य सार्थक होगा। राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय सीकर की प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रेमलता पाण्डेय, डॉ.सावित्री चौधरी एवं चिकित्सालय कार्मिक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

स्कूल खेल मैदान में अस्पताल की नींव खोदने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया

सिंघाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों में विरोध फैल गया।

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों में विरोध फैल गया। निर्माण कार्य शुरू होने पर स्कूल के खेल मैदान में अस्पताल भवन की नींव खोद देने से ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया कर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य दूसरे स्थान पर करवाने की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन की सूचना पर तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने स्कूल खेल मैदान में अस्पताल भवन की नींव नहीं होने देने की मांग पर अड गए। जानकारी के अनुसार सिंघाना के राजकीय अस्पताल के पास अपना खुद का भवन नहीं होने के कारण धर्मशाला में अस्पताल चलाया जा रहा है। भवन की उपलब्धता नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा है तथा आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा भी नहीं मिल पा रही है।

अस्पताल भवन की समस्या को देखते हुए तत्कालीन जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने अप्रैल 2023 में आदेश जारी कर गुजरवास के पास पहाड़ी में एक हैक्टेयर भूमि अस्पताल भवन के लिए आवंटन करने के निर्देश दिए थे। जिस पर तहसीलदार व पटवारी ने मौका रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को उक्त भूमि का नकसा रिपोर्ट पेश की गई थी। अस्पताल भवन के लिए जगह का आवंटन होने के बाद राज्य सरकार की ओर से 5.22 करोड रुपए स्वीकृत कर अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए गए थे।

अस्पताल भवन के लिए स्कूल के पास जमीन में नींव खोदने का कार्य शुरू किया तो ग्रामीण विरोध में उतर आए तथा खेल मैदान की जगह होने व रजिस्टर्ड स्कूल के नाम पट्टा होने का दावा कर निर्माण कार्य नहीं करने की मांग की।

इस संबंध में तहसीलदार बजरंग जाखड़ ने बताया कि स्कूल के नाम जो पट्टा है वो अवैध है तथा खेल मैदान सरकारी भूमि में बना हुआ है। इस दौरान दस दिन में खेल मैदान की जमीन का आवंटन करने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार पांडे, कैलाश चंद, डीपी सैनी, सज्जन टेलर, महेश कुमार, मुकेश सैनी, महेश चौधरी, हरीश सेन, बाबूलाल कालोडिया, विनोद मीणा, राजेश सोमरा, विक्रम सिंह, अमित सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सार-समाचार

वार्षिकोत्सव आयोजित

चूरू (निसं)। जीके मॉल स्थित सेराजेम थेरेपी सेंटर में कंपनी के भारत में 20 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद कमल कोठारी, रघुनाथ खेमका, डॉ. राहुल कस्वां, जिला कोषाधिकारी प्रवीण सिंगल व रवि आर्य थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही हमारे जीवन का मुख्य आधार है। हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा और अच्छे विचार आएंगे। इस अवसर पर बाबूलाल शर्मा, राम सिंह बीका, डॉ. निरंजन, सुमन बहिन, देदाराम, सुरेश सरावगी, सतवीर, नवरंग, रामलाल, योगेश्वर शर्मा, नरेश अग्रवाल, योगेंद्र, विष्णु दत्त स्वामी, देवकीनंदन, सुरेश शर्मा, ताराचंद, गोगराज, बाबूलाल सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सेराजेम सेंटर के संचालक दयाराम व मंजू देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपक, पंकज, सुरेश, वर्षा प्रजापत, उर्मिला सेन, कल्पना, वंदना व राहुल खुराना ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का सीकर भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत

जयपुर/सीकर (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मंगलवार चूरू, सीकर प्रवास पर रहे। सीकर में भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का फूल मालाओं व पार्टी के दुपट्टे से स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठन कार्यों पर चर्चा की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ को शुभकामनाएं दी और कहा कि बाटड़ के नेतृत्व में संगठन ओर अधिक मजबूत होगा। भाजपा की विशेषता है कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए काम और प्रत्येक काम के लिए कार्यकर्ता होता है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे हैं उसी प्रकार प्रत्येक कार्यकर्ता को भाजपा का परचम फहराना है। इस दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, श्रवण चौधरी, मधु कुमावत, गजानंद कुमावत, रामसिंह शेखावत, जगदीश कुमावत, रमेश जलधारी, आशीष तिवाड़ी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा, डॉ. बीएल रणवां, शिवदयाल धाभाई, भंवरलाल जांगिड़, नीलम मिश्रा, रिछपाल सिंह कविया, मनोहरलाल सैनी, शिवपाल ख्यालिया, राजेश रोलन, मूलचंद रणवां आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों की बैठक आयोजित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मंगलवार को विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित आवश्यक सेवाओं की संबंधित अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण कर कनेक्शन करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वीकृत कार्यों को शुरू करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्वयन करने, अवैध माइनिंग से संबंधित मामलों पर कार्यवाही करने,राजस्व अर्जन बढ़ाने, पशु मंगला बीमा योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में प्रगति बढ़ाने, राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में हुए एमओयू का प्रभावी क्रियान्वयन करने, आई-रेड सॉफ्टवेयर पर सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डाटा को अपडेट करने, 11 से 17 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले अमृता हाट मेले से संबंधित तैयारियां पूर्ण करने, पेंशन वेरीफिकेशन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मीटिंग में नहीं आने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

झुंझुनूं विप्र समाज के प्रतिनिधि मंडल ने घनश्याम तिवाड़ी से शिष्टाचार भेंट की

झुंझुनूं, (निसं)। गौड ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में झुंझुनूं विप्र समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवारी से जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय में जाकर शिष्टाचार भेंट की। जानकारी देते हुए भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया समाज का प्रतिनिधिमंडल तिवारी का माला व दुपट्टा पहन कर फूल का गुलदस्ता भेंट किया। विप्र समाज के प्रबुद्धजनों ने घनश्याम तिवाड़ी से विप्र समाज को राजनीतिक पटल पर उचित प्रतिनिधित्व देने के साथ ही सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार बासोतिया, उमाशंकर महमिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष क